हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 3 अगस्त 2025

06 बासौदा-सिरोंज मार्ग स्थित बेतवा नदी का पुल फिर...



09 4 सैकड़ा स्कूल भवनों के बीच छिपाई 57 भवनों की ...





## खबर संक्षेप



### श्रद्धालुओं ने बनाए शिवलिंग किया अभिषेक

**सागर।** पार्थिव शिवलिंग निर्माण के नौ दिवसीय कार्यक्रम के पांचवें दिन शनिवार को तिली रोड बैंक कॉलोनी के पशुपतिनाथ मंदिर में भक्तों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर रुद्री निर्माण एवं पूजन अभिषेक किया। पं.शिवप्रसाद तिवारी ने बताया कि प्रतिदिन अनुसार प्रातः 8बजे से 11 बजे तक शिवलिंग निर्माण हुआ 11.30 बजे से 1.30 बजे तक पूजन अभिषेक किया गया। पांचवें दिन के कार्यक्रम में एम सी दुबे, अशोक मिश्रा, के पी गांधी, हेमंत सिंह ठाकुर, अखिलेश शर्मा, दीपक चतुर्वेदी, एम के चौबे, राघवेंद्र सिंह राजपूत, के बी खरे, विमल दुबे, सतीश यादव, कपिल चौबे, शशिकांत मिश्रा, देवेंद्र पटेल, भागवती रावत, शारदा दुबे, सुनीता दुबे, रेखा पाठक, सुधा गर्ग, सीता व्यास, बंदना चौरसिया, पूजा पाराशर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### स्कूलों में प्रमाण पत्र शिविर जारी

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी. आर. के निर्देशानुसार जिले में 5 दिवसीय जाति प्रमाण पत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में आज शासकीय कृषि.उ.मा विद्यालय, सुरखी में 558 आवेदन समेत लगभग 2500 से अधिक आवेदन पोर्टल पर दर्ज किए जा चुके हैं, शिविरों के माध्यम से प्रमाण पत्र बनने से बच्चों और उनके अभिभावकों में उत्साह देखा जा रहा है। कलेक्टर के निर्देश पर जिले के विभिन्न विद्यालयों में 28 जुलाई से 2 अगस्त तक विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें विद्यार्थियों के लिए आवश्यक प्रमाण पत्र जैसे आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनाए जा रहे हैं। यह शिविर उन छात्र-छात्राओं के लिए उपयोगी हैं जिन्हें शासकीय योजनाओं, छात्रवृत्तियों एवं अन्य लाभों के लिए इन दस्तावेजों की आवश्यकता होती है।

### हज यात्रा आवेदन की अंतिम तिथि 7 अगस्त

**सागर।** हज यात्रा वर्ष 2026 के लिए आवेदन फार्म भरने की अंतिम तिथि 31 जुलाई से बढ़ाकर 7 अगस्त कर दी गई है । जिला हज कमेटी सागर के पूर्व अध्यक्ष हाजी समी अहमद ने जानकारी देते हुए बताया कि समाज के जो भी हजरात हज यात्रा पर जाना चाहते हैं वो अब 7 अगस्त तक आवेदन फार्म जमा कर सकते हैं । पिछले आवेदन करने की तिथि 1 जुलाई से 31 जुलाई तक थी । इन्होंने बताया कि इस बार हज यात्रा 2026 के लिए आवेदन फार्म में एक विकल्प 20 दिन की हज यात्रा का भी रखा गया है । यदि जो लोग 20 दिन की हज यात्रा पर जाना चाहतें हैं तो इस विकल्प को चुन सकते हैं इस विकल्प को चुनते ही हज यात्रा की फीस में लगभग 50 हजार रू. तक की रियायत मिल सकती है । इन्होंने हज यात्रा कोटा बढ़ाये जाने को लेकर बताया कि पिछले साल तक हज पर जाने के लिए 82 लोगों का कोटा था लेकिन अब यह कोटा खत्म कर दिया गया है । और पूरे मध्यप्रदेश का कोटा 5500 तय था । इन्होंने सरकार से मांग की है कि मध्यप्रदेश सहित सागर जिले का कोटा बढ़ाया जाए और लगभग डेढ़ सौ लोगों को हज पर जाने के लिए कोटा तय हो ताकि ज्यादा से ज्यादा मुस्लिम समाज के लोग हज यात्रा पर जा सकें । इन्होंने कहा कि इस बार हज यात्रा के नियम में ये छूट दी गई है कि हज यात्रा पर जाने वाले 65 साल के वृद्ध व्यक्तियों के साथ केयर टेकर के रूप में 64 आयु वर्ग तक के महिला पुरुष जा सकते हैं पिछले साल तक उम्र की सीमा 18 साल से लेकर 60 साल तक थी । गौरतलब है कि सागर जिले से मुस्लिम समाज के 56 लोग हज यात्रा करके लौटे हैं ।

## मातृ-शिशु मृत्यु दर कम करने के लिए सभी आवश्यक प्रयास किए जाएं

# 80 करोड़ की लागत से शुरू होगा टाटा अस्पताल की तर्ज पर सागर में कैंसर अस्पताल: उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

जिले में मातृ-शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए सभी आवश्यक प्रयास करें एवं 80 करोड़ रुपये की लागत से टाटा अस्पताल मुंबई की तर्ज पर सागर में कैंसर अस्पताल की शुरुआत की जाएगी। साथ ही सरकार भवन के लिए पैसा दे सकती है लेकिन भवन में आत्मा डालने का काम डाक्टर पूरे मनोयोग से करें, डाक्टर समाज का दिल जीतने का कार्य करें।

उपमुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा मंत्री तथा सागर जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने जिला चिकित्सालय परिसर में 100 बिस्तरों वाले नवीन महिला एवं शिशु रोग विभाग तथा एकीकृत पब्लिक हेल्थ लैब का लोकार्पण किया। साथ ही बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में क्रिटिकल केयर यूनिट के निर्माण हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम में व्यक्त किए।लोकार्पण भूमिपूजन कार्यक्रम में मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि सरकार के पास पैसे की कोई कमी नहीं है। सरकार भवन एवं संसाधन के लिए पैसे उपलब्ध करा सकती है, लेकिन भवन में आत्मा डालने का कार्य डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ करें जिससे कि उचित इलाज मिल सके। उन्होंने कहा कि सागर में कैंसर अस्पताल की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए सरकार ने 80 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। यह अस्पताल जी प्लस 6 भवन में तैयार होगा और इसका अगले माह मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा भूमिपूजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कैंसर अस्पताल में सभी टाटा अस्पताल, मुंबई की तर्ज पर समस्त सुविधाएं, संसाधन एवं इलाज मुहैया कराया जाएगा।, जिससे बुंदेलखंड क्षेत्र के मरीजों को दिल्ली, भोपाल या मुंबई नहीं जाना पड़ेगा।




शुक्ल ने बताया कि मध्यप्रदेश की मातृ एवं शिशु मृत्यु दर अत्यधिक है। इसे कम करने हेतु सभी प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में गर्भवती महिलाए जब गर्भवती होती हैं तो उनकी जांच, टीकाकरण और पंजीयन समय पर नहीं होता, जिससे मृत्यु दर अधिक होती है। उन्होंने कहा कि कि गर्भावस्था के पहले माह से ही जांच शुरू की जाए। आशा कार्यकर्ता, एएनएम एवं ग्रामीण क्षेत्र के मेडिकल अधिकारियों को बेहतर प्रशिक्षण देकर जागरूक किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सागर शहर बधाई का पात्र है जहां वह स्वच्छता में 10वें नंबर पर है और आने वाले वर्षों में प्रथम स्थान पर लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि सरकार के द्वारा टेलीमेडिसिन को और बेहतर करने हेतु टेलीमेडिसिन सेवा देने वाले डॉक्टर को 50-50 रुपये प प्रत्येक स्वास्थ्य परीक्षण करने वालों को दिया जाएगा। शुक्ल ने कहा कि 200 बिस्तरों का कैंसर अस्पताल मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के द्वारा शुरू किया जाएगा, जिसमें टाटा अस्पताल, मुंबई की तर्ज पर सभी संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे।

मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि डॉक्टर भगवान का स्वरूप होते हैं, वे इस उपाधि को बनाए रखें और जनमानस को सर्वोत्तम स्वास्थ्य लाभ दें। उन्होंने कहा कि सागर को सुंदर, स्वस्थ संभाग एवं बुंदेलखंड बनाने के लिए मध्य प्रदेश की सरकार लगातार वचनबद्ध है और इस प्रकार हो रहा है।

विधायक शैलेन्द्र जैन ने कहा कि आज का यह लोकार्पण माताओं, बहनों और शिशुओं के लिए हैं इससे मातृ व शिशु मृत्यु दर अवश्य कम होगी और उनका समय पर उपचार मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि सागर में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा अगली माह कैंसर अस्पताल की सौगात दी जा रही है वह यह सागर के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगी और अच्छी से अच्छा इलाज पर हो सकेगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधा पूरे बुंदेलखंड के लिए उपयोगी है और इसके लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा कार्य किया जा रहा है। विधायक जैन ने कहा कि बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में 10 बिस्तरों का प्राइवेट वार्ड भी शुरू होगा जिस की आवश्यकता वाले व्यक्तियों को यह उपयोगी होगा।

महापौर संगीता तिवारी ने कहा कि सागर निरंतर स्वास्थ्य सुविधा में लगातार आगे बढ़ रहा है बस आवश्यकता है जिला चिकित्सालय में ब्लड बैंक की क्षमता दोगुनी करने और बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में ब्लड बैंक शुरू करने की। उन्होंने कहा कि सागर में जो संजीवनी क्लीनिक चल रही है उनको और अपडेट किया जावे।




### पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत राशि वितरण का प्रसारण कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित

**सागर।** कृषि विज्ञान केन्द्र, सागर में आज को पी.एम. किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त की राशि के वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पी.एम. किसान सम्मान निधि की कुल राशि रु. 20500 करोड़ की राशि का हस्तान्तरण एक क्लिक से ऑनलाईन के माध्यम से कुल 9.70 करोड़ लाभार्थी किसानों के खातों में किया गया। यह कार्यक्रम वाराणसी (उ.प्र.) से ऑनलाईन के माध्यम से देश के समस्त किसानों को सजीव प्रर्दशनी के माध्यम से दिखाया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अभी तक किसानों के खाते में 3.75 करोड़ लाख की राशि का हस्तान्तरण किया गया है। इसके अलावा पी.एम. किसान धन धान्य कृषि योजना के तहत कुल 24000 करोड़ की राशि से कृषकों को समृद्धशाली बनाने हेतु विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रधान वैज्ञानिक एवं केन्द्र प्रमुख डॉ केएस यादव, उपसंचालक कृषि राजेश त्रिपाठी, परियोजना संचालक आत्मा एम. के. प्रजापति, किसान मोर्चा के जिला महामंत्री शेलेन्द्र सिंह ठाकुर, रजनीश यादव , एस.एल.आर डी.पी. चक्रवर्ती सहायक संचालक कृषि अनिल राय, जितेन्द्र राजपूत सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों से कृषकगणों के साथ कृषि विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण ने भी कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यकम को देखा व सुना। इस कार्यकम उपरान्त कृषक संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया जिसमें कृषि वैज्ञानिक डॉ वैशाली शर्मा, मयंक मेहरा एवं कृषि अधिकारियों द्वारा वर्तमान समय में खरीफ फसलों की समस्याओं तथा निदान एवं समसामयिकी पर विस्तार से चर्चा कर प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। साथ ही विभिन्न कृषि योजनाओं से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के अन्त में किसानों की कृषिगत समस्याओं का निदान भी किया गया। कार्यकम को सफल बनाने में डॉ वैशाली शर्मा, मयंक मेहरा व योगेन्द्र सिंह बड़ेरिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# दिल मन और जुनून से इलाज कर मानव सेवा करें डॉक्टर : प्रभारी मंत्री शुक्ल

### गढ़ाकोटा में अत्याधुनिक डायलिसिस मशीन का हुआ लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढाकोटा



दिल, मन और जुनून से इलाज कर मानव सेवा करें डॉक्टर। उक्त विचार उपमुख्यमंत्री एवं सागर जिले की प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सागर जिले की रहली विधानसभा क्षेत्र के गढ़ाकोटा में सिविल अस्पताल में डायलिसिस मशीन के लोकार्पण अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किये। इस अवसर पर पूर्वमंत्री गोपाल भार्गव, रानी कुशवाहा, मनोज तिवारी, श्रीराम भार्गव, रुपेश उपाध्याय, संयुक्त संचालक स्वास्थ्य डॉक्टर नीना गिडियन, डॉ ममता तिमोरे, डॉ सुयश सिंघई सहित अन्य जनप्रतिनिधि अधिकारी एवं बड़ी संख्या में जन समुदाय मौजूद था। उपमुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि समाज में डॉक्टरों को भगवान का रूप माना जाता है आप सभी इस को निरर्थ न जाने दें और मनो योग से पीड़ित व्यक्ति का इलाज करें । उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की सरकार डॉक्टर पैरामेडिकल की कमी को देखते हुए 30000 से अधिक पदों पर भर्ती का कार्य कर रही है जिससे मध्य प्रदेश में डॉक्टरों की कमी पूरी होगी। उन्होंने कहा कि कलेक्टर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी जिले का निरंतर निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान सभी अधिकारी अस्पतालों का अवश्य निरीक्षण करें और कमी होने पर उसको तत्काल पूरा भी कराए। उन्होंने कहा कि आशा, एएनएम कार्यकर्ता गर्भवती माता का पंजीयन करें जिससे मातृ मृत्यु दर कम हो सके।

विधायक एवं पूर्वमंत्री गोपाल भार्गव ने कहा कि यश कीर्ति पुण्य प्राप्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग से अच्छा कोई विभाग नहीं है। उन्होंने कहा कि इस विभाग में काम करने से मानव सेवा भी होती है उन्होंने कहा कि व्यक्ति की जान से बड़ी कोई कीमत नहीं होती इसलिए हमें सभी की जान बचाना चाहिए । उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार ने स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से अनेक योजनाएं प्रारंभ की है जिससे कि हमारे देशवासियों को अच्छे से अच्छा इलाज मिल सके। इसके लिए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के माध्यम से आयुष्मान भारत में आयुष्मान भारत निरामयम योजना शुरू की है जिससे की पात्र व्यक्तियों का 500000 तक का इलाज चिकित्सालय में मुफ्त होता है। पूर्व मंत्री भार्गव ने कहा कि मेरे पुत्र अभिषेक भार्गव एवं पुत्रवधू शिल्पी भार्गव के द्वारा वेदिका फाउंडेशन के माध्यम से छोटे-छोटे बच्चों के दिल में छेद होने एवं अन्य बीमारी होने का इलाज निशुल्क करने का कार्य किया जा रहा है । इसके लिए हमने अपने खर्चे पर चार एंबुलेंस के माध्यम से बच्चों को परीक्षण करने के बाद इंदौर भेज कर उनका इलाज कराया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन विक्की जैन ने किया जबकि आभार डॉक्टर ममता तिमोरे ने माना।

## सुप्रसिद्ध भजन गायक हंसराज रघुवंशी जी द्वारा भजनों की भव्य प्रस्तुति होगी

# जन्माष्टमी पर रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण में आयोजित भजन संध्या की तैयारियों को लेकर अविराज सिंह ने बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

आगामी 16 अगस्त को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण में सुप्रसिद्ध भजन गायक हंसराज रघुवंशी की भजन संध्या एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की तैयारियों को लेकर युवा भाजपा नेता अविराज सिंह की अगुवाई में युवाओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयोजन को गरिमापूर्ण, व्यवस्थित रूप से सफल बनाने के लिए रूपरेखा बनाई गई।

बैठक में उपस्थित युवा टीम को संबोधित करते हुए युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बामोरा के रूद्राक्ष धाम प्रांगण में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष के कार्यक्रम में भारत के सुप्रसिद्ध भजन गायक हंसराज रघुवंशी जी द्वारा भजनों की भव्य प्रस्तुति होगी और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल के द्वारा दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभ आरंभ होगा। हम सभी मिलकर इस आयोजन को ऐतिहासिक रूप से सफल बनायेंगे। अविराज सिंह ने बताया कि 39 करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण से पावन हुये रूद्राक्ष धाम परिसर स्थित भगवान श्री राधा कृष्ण जी के मंदिर में प्रातः 7 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम पूरे प्रागंण में होगें और रात्रि 12 बजे तक यह कार्यक्रम निरंतर जारी रहेंगे। भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर संतों के द्वारा भगवान श्री कृष्ण का जन्म के पश्चात अभिषेक होगा।



उन्होंने कहा कि आप सभी को इस भक्ति भाव से भरे आयोजन में आमंत्रित कर रहा हूँ। 16 तारीख को रात्रि 12 बजे श्री कृष्ण जन्म की शुभ बेला तक रुद्राक्ष धाम मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु जन भगवान श्री बांके बिहारी जी के अलौकिक दर्शन करने और भक्ति रस में डूबने आयेंगे जिनकी सुविधाओं और भक्ति भाव के आदर सहित सभी आवश्यक व्यवस्थायें आयोजन स्थल पर होंगी। इन सभी व्यवस्थाओं में युवा टीम को सक्रिय सहयोग और योगदान देना है इसके लिए भी आप सभी को मैं आमंत्रित कर रहा हूँ। आप सभी साथी कार्यक्रम के पोस्टर्स को सोशल मीडिया पर अधिक से अधिक शेयर करें ताकि भगवान श्री कृष्ण कन्हैया जी के जन्मोत्सव पर हो रहे इस सुंदर आयोजन का पुण्य लाभ सभी श्रद्धालुजन उठा सकें। बैठक में बड़ी संख्या में युवा शक्ति ने भाग लिया।



### कांवड़ यात्रा का ग्रामवासियों ने किया स्वागत

**रहली।** सावन माह में चल रही कांवड़ यात्रा के दौरान, ग्राम विजयपुरा के सरपंच और ग्रामवासियों ने एक अनूठी मिसाल पेश की है। उन्होंने गांव से गुजर रहे कांवड़ लेकर जा रहे श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत किया। यह स्वागत धार्मिक सद्भाव और आपसी भाईचारे का प्रतीक बन गया। यात्रा के दौरान, ग्रामवासियों ने मिलकर एक स्वागत शिविर का आयोजन किया। शिविर में कांवड़ियों के लिए जलपान आदि की व्यवस्था की गई थी। साथ ही, उनके रात्रि विश्राम के लिए पंचायत भवन में व्यवस्था बनाई गई। इस स्वागत से अभिभूत, एक श्रद्धालु ने बताया कि हम लोग वर्णन से नर्मदा जी का जल लेकर जागेश्वर धाम जा रहे है, विजयपुरा के ग्रामीणों का यह प्रेम और सम्मान हमें नई ऊर्जा और उत्साह प्रदान किया हे। ग्राम के सरपंच बाबूलाल लल्लू जारोलिया ने बताया कि यह हमारे गांव की परंपरा है। हम सभी श्रद्धालुओं का स्वागत करते हैं। उनका कहना था कि इस तरह के आयोजन से समाज में एकता और सद्भाव का संदेश जाता है। गांव के युवाओं ने भी इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ग्रामवासियों के इस प्रयास की हर तरफ सराहना हो रही है। इस अवसर पर कैलाश जारोलिया, अभिषेक जारोलिया रामबाबू जारोलिया, बिंदु ठाकुर, रघुवीर ठाकुर, टीकू घोषी, छोटू अहिरवार, सचिन अहिरवार और समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।




### पूर्व बीईओ इन्दुनाथ तिवारी हुए सेवानिवृत

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा में शिक्षा विभाग में 38 वर्ष तक उत्कृष्ट सेवा पूर्ण कर 31 जुलाई को सेवानिवृत हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्य शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़ाकोटा के पद पर इन्दुनाथ तिवारी के सेवानिवृत्त होने पर नटराज आडिटोरियम में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि पं. गोपाल भार्गव ने शामिल होकर इंदु नाथ तिवारी का शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया एवं भार्गव ने समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर तहसीलदार महेश दुबे, अभिषेक भार्गव, रिटायर्ड प्राचार्य श्याम मनोहर पचौरी, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी, सुरेश कपस्या, आर.आर रावत, रामविशाल दुबे समेत समस्त शिक्षक शिक्षिकाऐ एवं अन्य अतिथि जन उपस्थित थे।

### खुरई विधानसभा क्षेत्र के 12 गांवों में एकल नल योजना का काम पूरा, रोड रेस्टोरेशन भी हुआ

**सागर।** खुरई विधानसभा क्षेत्र के 12 ग्रामों में जल जीवन मिशन के तहत एकल नल जल योजना के कार्य शत प्रतिशत पूर्ण कर लिए गए हैं। यह जानकारी पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह द्वारा पूछे गए विधानसभा प्रश्न के उत्तर में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने दी है। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने प्रश्न के माध्यम से जल जीवन मिशन योजना के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी चाही थी। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके द्वारा बताया गया है कि खुरई विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों में जल जीवन मिशन के तहत एकल नल जल योजना का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। समूह जल प्रदाय योजना का कार्य भी सभी गांवों में प्रारंभ हैं। 12 गांव ऐसे हैं जिनमें एकल नल जल योजना का कार्य पूर्ण हो चुका है। इन 12 गांवों में कार्य की पूर्णता के साथ रोड रेस्टोरेशन यानि सड़क मरम्मत का काम भी पूरा हो गया है। कार्य पूर्णता वाले इन 12 गांवों में किशनगढ़ बैरागढ़, मुहली खुर्द, नगदा, गढ़ौला जागीर, बूधोन, भीलोन, बरोदिया नौनगर, सिलापरी, खैराई, सीपुर खास बिसराहा व गंभीरिया बुजुर्ग शामिल हैं।



### सागोनी चैनपुरा के नागरिकों ने पूर्वमंत्री भूपेन्द्र सिंह से भेंट कर आभार व्यक्त किया

**सागर।** सुरखी विधानसभा क्षेत्र के सागौनी व चैनपुरा ग्रामों से आए नागरिकों ने पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह से भेंट कर समस्याओं के निराकरण के लिए धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। भेंट करने वालों में पूर्व सरपंच मंगल सिंह सागोनी, गणेश सिंह, पटैरिय सत्ता ढाना, मंगल सिंह चंद्रहास, रवि सिंह राजपूत, अभय सिंह चैनपुरा, देवी सिंह, रामजी सिंह, जगदीश पटेल, भागीरथ पटेल, दीपक पटेल, रविकांत पटेल, प्रभु पटेल, मुन्ना पटेल, भगवान सिंह पटेल, चैन सिंह साहू, सचिन श्रीवास्तव, ज्ञान सिंह गूजर, राजेश पटेल, वीरेंद्र रैकवार, लीलाधर सेन, कुलदीप सिंह राठौर, राजेंद्र सिंह ठाकुर सहित लगभग 100 से अधिक ग्रामवासी शामिल रहे।

### तहसीलदार जैन ने शासकीय बालक प्राथमिक शाला बंडा का किया औचक निरीक्षण

**सागर।** तहसीलदार बंडा मोहित जैन द्वारा शासकीय बालक प्राथमिक शाला बंडा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देते हुए प्रधानाध्यापक को स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। तहसीलदार जैन ने सभी कक्षाओं में जाकर बच्चों से किताबें पढ़वाईं और पहाड़े सुनवाए, जिससे छात्रों की अध्ययन स्थिति का मूल्यांकन किया जा सके। साथ ही, उन्होंने मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता का भी निरीक्षण किया और स्वयं भोजन चखकर उसकी गुणवत्ता को परखा। इस निरीक्षण के अवसर पर हल्का पटवारी और विद्यालय की प्रधानाध्यापिका भी उपस्थित रहीं।

## बासौदा मंडी भाव

| | |
|---|---|
| **शरबती** | |
| न्यूनतम भाव | 2800 |
| उच्चतम भाव | 3316 |
| **सुजाता** | |
| न्यूनतम भाव | 2550 |
| उच्चतम भाव | 2772 |
| **मालव शक्ति** | |
| न्यूनतम भाव | 2400 |
| उच्चतम भाव | 2555 |
| **चना** | |
| न्यूनतम भाव | 4000 |
| उच्चतम भाव | 6190 |
| **मसूर** | |
| न्यूनतम भाव | 4200 |
| उच्चतम भाव | 9310 |
| **तेवड़ा** | |
| न्यूनतम भाव | 3350 |
| उच्चतम भाव | 2621 |
| **सोयाबीन** | |
| न्यूनतम भाव | 2100 |
| उच्चतम भाव | 4700 |
| **सरसों** | |
| न्यूनतम भाव | 4505 |
| उच्चतम भाव | 8402 |
| **मूंग** | |
| न्यूनतम भाव | 3000 |
| उच्चतम भाव | 7970 |
| **बटरी** | |
| न्यूनतम भाव | 2400 |
| उच्चतम भाव | 4000 |
| **उड़द** | |
| न्यूनतम भाव | 3000 |
| उच्चतम भाव | 5900 |
| **धान** | |
| न्यूनतम भाव | 1000 |
| उच्चतम भाव | 2950 |
| **धनिया** | |
| न्यूनतम भाव | 6200 |
| उच्चतम भाव | 6405 |

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 7599 बोरे उपज की आवक हुई।

## खबर संक्षेप

### डॉ. विनीत तिवारी सम्मानित



**गंजबासौदा।** श्री वेदामृतम संस्थानम और इंटरनेशनल एस्ट्रोलॉजी रिसर्च सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में जयपुर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय वेद ज्योतिष विज्ञान संगोष्ठी में अखिल भारतीय ज्योतिष महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विनीत तिवारी को ज्योतिष के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए श्री वेदामृतम संस्थानम जयपुर फाउंडेशन एवं इंटरनेशनल एस्ट्रोलॉजी रिसर्च सेंटर, जयपुर द्वारा वेदामृतम सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. तिवारी को सम्मान पत्र के साथ स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। यह सम्मान उन्हें कार्यक्रम के समापन सत्र में अतिथियों द्वारा दिया गया।

# नवीन न्यायालय परिसर में रोपे गए 170 पौधे, बचाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर से प्राप्त निर्देश के अनुपालन में पंच ज अभियान के अंतर्गत पर्यावरण को संरक्षित करने के उद्देश्य से 15 जुलाई से 15 अगस्त तक वृहद पौधरोपण विशेष अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को नवीन न्यायालय परिसर ग्राम रजोदा में पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित पौधा रोपण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए न्यायाधीश अनुराग द्विवेदी ने कहा कि प्रकृति की रक्षा एवं पर्यावरण के संरक्षण के लिए आज के समय में अधिक से अधिक पौधे लगाने की आवश्यकता है। हमने प्रकृति से जो लिया है उसे वापस लौटाने के लिए अपने जीवन में कम से कम 10 पौधे रोपित कर उनके पेड़ बनने तक उनकी देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए। उनके द्वारा अधिक से अधिक पौधा रोपित किये जाने के लिए सभी को प्रेरित किया गया।

उक्त आयोजित पौधा रोपण कार्यक्रम में सभी विभागों के समन्वय से कुल 170 औषधीय, छायादार और फलदार पौधे रोपित किये गये। उक्त आयोजित कार्यक्रम में अनुराग द्विवेदी प्रथम जिला न्यायाधीश बासौदा के न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति, हरप्रसाद वंशकार द्वितीय जिला न्यायाधीश, राकेश कुमार ठाकुर प्रथम जिला न्यायाधीश, विमलेश मुडैया द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, रावेन्द्र कुमार सोनी तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, अब्दुल अजहर अंसारी प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, साक्षी प्रसाद प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड, आफरीन युसुफजई तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड, सुभी स्नो मारिया तिग्गा द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड, सृष्टि कुशवाह चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड, एसडीओपी शिखा भलावी एवं अधिवक्तागण, थाना प्रभारी देहात, शहर बासौदा सहित न्यायालयीन कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## मरम्मत कार्य हुआ शुरू, तीन दिन तक पुल से यातायात रहेगा बंद

# बासौदा-सिरोंज मार्ग स्थित बेतवा नदी का पुल फिर हुआ क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





पिछले तीन दिनों से उफान पर रही बेतवा नदी का जलस्तर शुक्रवार को कम हो गया और उसका पानी बर्री घाट पुल एवं गंज पुल से नीचे आ गया। गंज पुल से पानी उतरते ही पता चला कि पुल का एक बड़ा हिस्सा नदी के तेज बहाव से क्षतिग्रस्त हो गया है। जानकारी मिलते ही एसडीएम विजय राय ने सेतु निगम के अधिकारियों के साथ मौका मुआयना किया और पुल की मरम्मत करने के निर्देश दिए। उधर पुल के क्षतिग्रस्त होने के कारण वहां से यातायात को बहाल नहीं किया गया है और अब पुल की मरम्मत के बाद ही इस पुल से आवागमन शुरू किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि बेतवा नदी का गंज स्थित पुराना पुल आजादी के पहले का बना हुआ है। लोनिवि या सेतु निगम की ओर से इस पुल की देखरेख की ओर ध्यान नहीं दिया जाता है। कुछ वर्ष पूर्व भी नदी के तेज बहाव के चलते पुल का डामरीकरण क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसके बाद इस पुल के पास ही नया पुल बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी। अब पिछले चार साल से नया पुल का बेहद धीमी गति से निर्माण चल रहा है और पुराने पुल से आवागमन जारी रहता है। इसके बावजूद जिम्मेदार इस पुल की मरम्मत या देखरेख पर ध्यान नहीं देते हैं। यही कारण है कि पिछले तीन दिनों से पुल पर पानी होने और पानी के तेज बहाव के चलते पुल का डामरीकरण एवं ऊपरी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। आज सुबह सूचना मिलते ही एसडीएम विजय राय सेतु निगम के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे और क्षति का जायजा लिया। पुल के बीच में गहरे गड्ढे बन गए। पुल के क्षतिग्रस्त होने से फिलहाल वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद कर दी गई है। वहीं मरम्मत किए जाने तक पुल का उपयोग नहीं किए जाने के आदेश जारी कर पुल के दोनों तरफ बैरिकेटिंग की गई है तथा पुलिस एवं चौकीदार को तैनात किया गया है। उधर सेतु निगम को तीन दिन में पुल की मरम्मत कर आवागमन बहाल करने को कहा गया। बताया जाता है कि दोपहर बाद से ही पुल की मरम्मत की तैयारी भी शुरू कर दी गई है।

इस संबंध में एसडीएम विजय राय का कहना है कि जल्द ही पुल की मरम्मत करवा कर पुल से आवाजाही फिर से शुरू कर दी जाएगी।

## श्रमदान दल ने पौधा रोपित किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पौधरोपण अभियान 4.0 के अंतर्गत एक पौधा, एक संकल्प कार्यक्रम के तहत श्रमदान दल ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक और सार्थक पहल करते हुए ग्राम बहलोट में स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के पीछे स्थित शिव मंदिर परिसर के समीप एक बिल्व पत्र का पौधा रोपित किया। विशेष बात यह रही कि इस पौधरोपण में कई नन्हें नन्हे बच्चे भी सहभागी बने, जिनके अपने मासूम स्पर्श से निश्चित ही एक पौधा एक संकल्प अभियान को जीवंत कर दिया। पौधरोपण के अवसर पर सतपाड़ा कला निवासी दुबे परिवार ने पौधे की सुरक्षा हेतु ट्री गार्ड प्रदान कर एक अनुकरणीय सहयोग प्रस्तुत किया। वह हर वर्ष दो पौधे लगाते हैं, जिनमें से एक स्व. सहोद्रा देवी दुबे की पुण्य स्मृति में और दूसरा किसी पारिवारिक शुभ अवसर पर रोपित किया जाता है। पौधे की देखरेख की जिम्मेदारी मंदिर के पुजारी विनोद गोस्वामी और निकटवर्ती निवासी सुनीता नामदेव ने सहर्ष स्वीकार की। इस मौके पर नितिन अग्रवाल, आकाश जैन, रुद्रांश सिंह, विनोद गोस्वामी, सुनीता नामदेव, ऋषभ नामदेव, शंकर, मनीष कुशवाह, शिवा कुशवाह, अंश लोधी, छोटू, रविन्द्र सहित श्रमदान दल के सदस्य और नागरिक मौजूद रहे।

## महावीर विहार में हो रहा आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भगवान महावीर विहार में समाधिस्थ आचार्य भगवान 108 श्री विद्यासागर के द्वारा रचित सुनीति शतक ग्रंथ पर व्याख्यान देते हुए उन्ही के सुशिष्य निर्यापक श्रमण 108 श्री संभव सागर महाराज ने बताया कि दुनिया में सबसे बड़ा दानी यदि कोई है तो वह भगवान स्वयं है, जिन्होंने अपने पास कुछ नहीं रखा। सब संसारी लोगों के लिए छोड़ दिया। वह सब परिग्रह एवं राग से रहित है, वह तो सिद्ध शिला पर विराजमान है, वहां से सब देख रहे हैं इसलिए उन्हें सर्वज्ञ कहा है। पूज्यश्री ने बताया कि संपत्ति का सदुपयोग करने से विपत्ति नष्ट होती है एवं संपत्ति का दुरुपयोग करने से विपत्ति आती है, सदुपयोग करने का अर्थ है दान पुण्य करना, दान कई तरह से किया जाता है जैसे नाम के लिए गुप्त दान भविष्य निधि के लिये दान छिपाकर कर नहीं छिपाकर अच्छे मन से करना चाहिये। मंदिर निर्माण में जो दान दिया जाता है, वह वह हमारा फिक्स डिपाजिट होता है, जो अगले कई भागों में काम आता है। जहां धन भोगों में उपयोग किया जाता है, वह इसी भव में समाप्त होता है और यदि दान और भोग भी नहीं किया जाता तो, उसका नाश होता है। मंदिर निर्माण में जहां धन की आवश्यकता होती है, वहीं सद्भावना की भी आवश्यकता होती है।

## पुण्यतिथि और जयंती मनाई गई




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वाचनालाय पाठक संघ द्वारा शहीद ऊधम सिंह की पुण्य तिथि, प्रसिद्ध गायक मोहमद रफ़ी एवं प्रसिद्ध लेखक, साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनाई गई। वरिष्ठ समाज सेवी सुनील बाबू पिंगले ने रफ़ी एवं मुंशी प्रेमचंद, उधम सिंह के बारे में जानकारी दी और उन्हें देश का महानायक बतलाया। कार्यक्रम में दीपक तिवारी, गोपाल शर्मा, कैलाश नामदेव, शिव प्रसाद श्रीवास्तव, राजकुमार पाराशर, राजेश रिछारिया, ओमप्रकाश, ओम प्रकाश साहू, उत्तम सोनी, संतोष शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में आभार वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार ने व्यक्त किया।

## नपा सफाई अमले ने विभिन्न वार्डों में कराई साफ-सफाई



**गंजबासौदा।** शुक्रवार को नगरपालिका सफाई अमले द्वारा नगर के अनेक वार्डों में साफ सफाई कराई गई। नगर के वार्ड क्रमांक 14 शिवनगर वाली पुलिया घुंघरू गार्डन के पास पुलिया के ऊपर रखे हुए झाड़ जेसीबी द्वारा ट्रैक्टर ट्राली में भरवाए गए एवं पुलिया के अंदर का मलबा जेसीबी द्वारा ट्रैक्टर ट्राली में भरवाकर फिंकवाया गया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद, स्वच्छता अधिकारी आरके नेमा, संतोष प्रभारी दरोगा, विनोद कुमार तिवारी मेट की मौजूदगी में पुलिया का कचरा हटवाया गया। यहां उल्लेखनीय है कि नपा सफाई अमला लगातार नगर के वार्डों में साफ सफाई कर रहा है। वहीं अन्य वार्डों में नपा सफाई अमले द्वारा नाले, नालियों की साफ सफाई कराई जा रही है एवं कचरे को नपा के ट्रेक्टर, ट्राली से भरकर फिकवाया जा रहा है। ताकि पिछले दिनों हुई बरसात में जलजमाव की जो स्थिति निर्मित हुई है, वैसी स्थिति आगामी समय में होने वाली बरसात में उत्पन्न न हो और नागरिकों को परेशानी न उठानी पड़े।

### हत्या के आरोपियों को आजीवन कारावास व अर्थदंड की सजा

गंजबासौदा। द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरप्रसाद वंशकार ने तीन वर्ष पूर्व हुए महेन्द्र शर्मा की हत्या के आरोपियों को आजीवन कारावास एवं 5-5 हजार रूपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 27 दिसंबर 2022 को मृतक महेन्द्र शर्मा की हत्या के मामले में गोलू, अमन, राघवेन्द्र को आरोपी बनाया गया था। न्यायालय में विचारण के दौरान इन आरोपियों को न्यायालय ने दोषी पाते हुए उन्हें आजीवन कारावास और 5-5 हजार रूपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। आरोपीगण को सजा भुगताये जाने हेतु उपजेल बासौदा अभिरक्षा में भेजा गया। उक्त जानकारी नरेन्द्र व्यास अपर लोक अभियोजक द्वारा दी गई।

## जटा शंकर विश्वनाथ मंदिर में हो रहा कथा का आयोजन

# शिवमहापुराण कथा में माता पार्वती का प्रसंग सुनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पुरानी नगर पालिका के पीछे जटा शंकर विश्वनाथ मंदिर में चल रही शिव महापुराण कथा के अष्टम दिवस में पंडित धर्मेन्द्र भार्गव ने शिव प्राप्ती हेतू माता पार्वती की तपस्या का वर्णन करते हुए कहा कि नारद जी के द्वारा पंचाक्षर मंत्र प्राप्त कर माता पिता से आज्ञा ले पार्वती तपस्या हेतू जया, विजया सखियों के साथ गंगावतरण स्थान पर अत्यन्त दुष्कर तप किया। ग्रीष्म काल में दिन रात अग्नि प्रज्वलित कर उसके मध्य बैठ दिन, रात पंचाक्षर मंत्र का जाप करतीं।

वर्षा के समय खुले आकाश के नीचे जल की धारा सहन करती शीत काल में निराहार रहकर, वह जल के मध्य निवास करतीं शिव में मन लगाकर पहले तो फल खाकर तपस्या की फिर पत्ते खाकर तपस्या करती रहीं उसके बाद पत्ते खाना भी छोड दिये, तो देवताओं ने उनका नाम अपर्णा रखा पंचाक्षर मंत्र का जाप करते हुए उन्होंने तीन सहस्त्र वर्ष बिता दिए। फिर बिष्णु आदि देवताओं ने भगवान शंकर विवाह हेतू प्रार्थना की। तब शंकर ने सप्तर्षियों को पार्वती की परीक्षा लेने हेतु भेजा ऋषियों ने अनेक प्रकार की युक्तियों से पार्वती की भाव परीक्षा की। परन्तु वह उनको तप से विचलित न कर पाए। पार्वती जी कहतीं है ब्राम्हणों यदि शंकर मेरे साथ विवाह नहीं करेंगे तो में जीवन भर अविवाहित रहूँगी। चाहे सूर्य पश्चिम से उदय हो जाए चाहे सुमेरु अपने स्थान से चलायमान हो जाएँ, चाहे कमल पर्वत पर खिलने लगे, तब भी में अपना हठ नहीं छोडूंगी। यह में सत्य कहतीं हूँ तब ऋषियों ने उनकी जय जयकार करते हुए शिव जी को सारा वृतांत सुना दिया। फिर शिवजी स्वयं ब्रम्हचारी का भेष धारण कर पार्वती की परीक्षा के लिए गए एवं पार्वती जी के पास जाकर स्वयम की निन्दा प्रारम्भ कर दी। तब पार्वती जी ने कहा यदि शिव मुझे स्वीकार नहीं करेंगे तो में अग्नि प्रवेश करूंगी पुनः जन्म लेकर शिव को प्राप्त करने का उपाय करूँगी। ऐसा कह कर ब्रम्हचारी शिव के मना करने पर भी अग्नि में प्रवेश कर गईं। परन्तु उनकी तपस्या के प्रभाव से अग्नि शीतल हो गई, शिवजी प्रसन्न हो पार्वती जी के समक्ष अत्यन्त सुन्दर रुप धारण कर प्रकट होकर बोले हे देवी आज तुमने मुझे अपनी तपस्या से प्रसन्न कर लिया है। मैं तुम्हे अपनी वामांगी के रूप में स्वीकार करता हूँ। पार्वती बोली अब आप विवाह विधि से मेरा वरण करें। इस मौके पर गोपाल शर्मा, कैलाश नामदेव, शिव प्रसाद, राजेश रिछारिया, राजकुमार पाराशर, दीपक तिवारी, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, सुनील बाबू पिंगले, सतीश शिल्पकार सहित गणमान्य नागरिकों ने व्यासपीठ एवं कथा वाचक पंडित देवेंद्र भार्गव का पुष्पहार, शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया।

## नपा अमले ने पकड़ा आवारा कुत्तों को



**गंजबासौदा।** शुक्रवार को नपा अमले द्वारा नगर में विचरण आवारा कुत्तों को पकड़ने का अभियान चलाया गया। इस दौरान नगर के वार्ड नंबर 21 में आवारा कुत्तों को पकड़वाया गया। इसके अलावा अन्य स्थानों से भी कुत्तों को पकड़ा गया। इस अवसर पर पार्षद नारायण सोनी, आर के नेमा, जावेद खान, संतोष प्रभारी दरोगा, सुनील कुमार प्रभारी मेट सहित नपा अमला मौजूद रहा।

## अखिल भारतीय रघुवंशी युवा प्रदेश कार्यकारिणी गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



रघुवंशी समाज के संगठनात्मक ढाँचे को मजबूत बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय महापरिषद की युवा इकाई की प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। प्रदेश युवा अध्यक्ष चंद्रशेखर रघुवंशी ने संगठन के राष्ट्रीय पदाधिकारियों से विमर्श और सहमति के बाद कार्यकारिणी में विदिशा जिले के साथ-साथ प्रदेशभर से रघुवंशी समाज के सामाजिक रूप से सक्रिय और ऊर्जावान युवाओं को शामिल किया है। प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर रघुवंशी ने बताया कि संगठन का उद्देश्य सिर्फ पदाधिकारियों की घोषणा करना नहीं है, बल्कि समाज को संगठित कर युवाओं की क्षमता का सही दिशा में उपयोग करना है।

इस भावना के अनुरूप उन्होंने कार्यकारिणी में जिले के साथ-साथ प्रदेशभर के उन युवाओं को जोड़ा है जो अपने-अपने क्षेत्रों में समाजसेवा और संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। घोषित प्रमुख नवगठित कार्यकारिणी में प्रदेश अध्यक्ष के साथ दो कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं जिनमें अमित रघुवंशी अशोकनगर, अजय रघुवंशी रायसेन के अलावा प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण रघुवंशी, प्रदेश महामंत्री अरविंद रघुवंशी, महेंद्र रघुवंशी, राजकुमार रघुवंशी, दीपक रघुवंशी ग्यारसपुर, संतोष रघुवंशी, नीलेश रघुवंशी, निरंजन सिंह रघुवंशी, प्रदेश मीडिया प्रभारी पत्रकार देवेंद्र रघुवंशी, शैलेंद्र रघुवंशी लटेरी एवं नीलम रघुवंशी को बनाया गया है। संगठन मंत्री धीरेंद्र रघुवंशी (रिंकू) सिरोंज, भगत सिंह रघुवंशी कोलिंजा, जितेन्द्र रघुवंशी नटेरन, प्रवीण रघुवंशी आगासौद, गोलू रघुवंशी तिलक खेजड़ा, रविन्द्र रघुवंशी कोठीचार, प्रदीप रघुवंशी महलुआ चौराहा कुरवाई को बनाया गया है जबकि प्रदेश मंत्री संग्राम रघुवंशी जोहद विदिशा को बनाया गया है। डॉ. उमाशंकर रघुवंशी, वीरेंद्र सिंह रघुवंशी, गजेंद्र सिंह रघुवंशी मुख्य संरक्षक बनाए गए हैं। पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रहलाद सिंह रघुवंशी को प्रदेश अध्यक्ष जबकि इसी संगठन की युवा इकाई का राष्ट्रीय अध्यक्ष रंजीत सिंह रघुवंशी और प्रदेश अध्यक्ष की जवाबदारी चंद्रशेखर रघुवंशी को सौंपी गई है। उपाध्यक्ष, महासचिव, कार्यसमिति सदस्य और मीडिया प्रभारी जैसे अहम पद विदिशा के युवाओं को दिए गए हैं। विदिशा में सामाजिक और राजनीतिक रूप से रघुवंशी समाज की भागीदारी इसका प्रमाण है कि जिला संगठनात्मक गतिविधियों का मजबूत केंद्र बनता जा रहा है।

### दो साल पहले स्कूल भवनों की मरम्मत के नाम पर जारी किए गए थे करोड़ों रुपए

# 4 सैकड़ा स्कूल भवनों के बीच छिपाई 57 भवनों की मरम्मत की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिला शिक्षा केन्द्र के अधिकारियों ने तीन साल पहले कराए सर्वे में जिले में 57 स्कूल भवन ऐसे चिन्हित किए गए थे जो कि गिरने की कगार पर थे। इनमें कराहल विकासखंड के 17 जबकि श्योपुर और विजयपुर विकासखंड के 20-20 स्कूल शामिल थे। सरकार ने इन स्कूलों की मरम्मत के लिए राशि स्वीकृत करते हुए 31 मार्च 2023 तक मेंटेनेंस का काम पूरा करने के निर्देश दिए थे स्वीकृत राशि से स्कूल भवन के दरवाजों, खिड़कियों, फर्श, टॉयलेट, छत, बाउण्ड्रीवॉल आदि की मरम्मत का कार्य कराया गया था, पर स्कूल शिक्षा विभाग से जुड़े सूत्रों की मानें तो इस राशि का उपयोग भवनों के मेंटेनेंस करने के बजाए फर्जी बिल बनाकर राशि हड़प ली।

बताना होगा कि दो साल पहले जिले के 57 स्कूल भवनों की मरम्मत के लिए राज्य सरकार ने बजट स्वीकृत किया था इनमें कराहल विकासखंड के 17 मिडिल व प्रायमरी स्कूल भवन शामिल किए गए थे उनमें आवदा, पनार, गोरस, गोठरा, ऊंची राहरोन, खिरखिरी, मेहरबानी, निमानिया, भोंटूपुरा, बरगवां, बुढेरा, बगवाज, ढेंगदा, बावड़ीचापा, सुबकरा, टिकटोली, कटीला आदि शामिल थे।



#### भौतिक सत्यापन हो तो खुल जाएगी फर्जीवाड़ा की पोल

स्कूल शिक्षा विभाग के सूत्रों की माने तो 2 साल पहले वर्ष 2023 में जिन स्कूलों के मेंटेनेंस के लिए राशि जारी की गई थी अगर उनका भौतिक सत्यापन अधिकारी खुद मौके पर पहुंचकर करें तो फर्जी वाडे की पोल खुल सकती है। दरअसल जिन स्कूलों में मेंटेनेंस की राशि दी गई है उन स्कूलों की जानकारी फर्जी वाडा में लिप्त अधिकारी संबंधित शाला प्रभारी को देने नहीं दे रहे हैं और शाला प्रभारी ही दबी जुबान से इसकी जानकारी मीडिया को भी दे रहे हैं ताकि इन जर्जर भवनों के गिरने के बाद होने वाली दुर्घटना के लिए उन्हें जिम्मेदार न माना जाए।

#### श्योपुर और विजयपुर के 20-20 स्कूलों की मरम्मत पर खर्च की गई राशि

श्योपुर और विजयपुर विकासखंड के 20-20 मिडिल व प्रायमरी स्कूल भवनों की मरम्मत पर राशि खर्च किया जाना बताया है, जिनमें श्योपुर विकासखंड के अलापुरा, रतोदन, मकड़ावदा, बागल्दा, चन्द्रपुरा, मेखड़ाहेड़ी, उतनवाड़, लुहाड़, ढोटी, अड़वाड, आवनी, दलारना, वार्ड नं. 08, मिडिल स्कूल नं. 03, रामबाड़ी, सोंईकलां, मानपुर, हरनामचंद का डेरा, ढोढर, सेमलदा स्थित स्कूल भवन शामिल थे, जबकि विजयपुर विकासखंड के सुखवास, हांसिलपुर, हीरापुर, बरौली, रघुनाथपुर, घूंघस, वीरपुर, कन्या वीरपुर, गढ़ी, दौर्द, पालपुर, अगरा, इकलौद, खितरपाल, गोहटा, दाउदपुर, बड़ौदाकलां, सहसराम, पार्वती बडौदा तथा हरिजन बस्ती विजयपुर स्थित स्कूल भवन की मरम्मत के लिए राशि स्वीकृत की गई थी।

#### इनका कहना है...

कलेक्टर के निर्देश पर सभी सरकारी स्कूल भवनों का भौतिक सत्यापन कर लिया गया है। हमने सीएसी और संकुल प्रिंसिपल एवं बीईओ के माध्यम से भी भौतिक सत्यापन कराया है जरूरत पड़ेगी तो और भी भौतिक सत्यापन कराएंगे। किसी स्कूल को जर्जर हालत में नहीं रहने दिया जाएगा।

**एमएल गर्ग**
**डीईओ श्योपुर**

### शव को मृतक के घर पहुंचाने के लिए संबंधित का मृत्यु प्रमाण का पत्र ऑनलाइन प्रविष्टि जरूरी

# शव वाहन की सौगात पर लगाई सरकारी नियमों की बैसाखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

अब किसी गरीब की अस्पताल में होने वाली मौत के बाद शव को घर ले जाने के लिए परिजनों को परेशान नहीं होना पड़ेगा, इसके लिए सरकार ने शव वाहन उपलब्ध करा दिया है पर इस सौगात को सरकारी नियमों की बैसाखी भी जोड़ देने से शव वाहन की सेवाएं थोड़ी पेचीदा हो गई हैं जिसे दूर करने की मांग जिले के समाजसेवी नागरिकों के द्वारा उठाई गई है।

शासकीय अस्पताल में अभी तक स्वास्थ्य विभाग के कोई शव वाहन नहीं थे स्थानीय निकाय नगरपालिका नगरनिगम की व्यवस्था शव वाहन की हुआ करती थी लेकिन नगरपालिका शवों को शहर से बाहर भेजने पर संबंधितों से पेट्रोल मनी के रूप में रुपए वसूल कर लेती थी। जिसके कारण कई बार गरीब खासकर आदिवासियों के शवों को उनके घरों तक पहुंचाने के लिए लोगों को चंदा एकत्रित करना पड़ता था जिला अस्पताल के चिकित्सक और स्टाफ भी कई बार आपस में कलेक्शन कर शव नगरपालिका के वाहन में पेट्रोल भरवाकर गरीब परिवारों के शवों को उनके गांवों तक पहुंचाते थे। पर अब सरकार ने सभी जिलों के साथ साथ श्योपुर जिले के स्वास्थ्य विभाग को दो शव वाहन उपलब्ध करा दिए हैं जिनके माध्यम से पूरे जिले में कहीं भी शवों को निःशुल्क भेजा जाएगा पर इस प्रक्रिया में मृतक का मृत्यु प्रमाण पत्र आवश्यक कर देने के कारण परेशानी आ गई है हालांकि स्वास्थ्य विभाग ने इस परेशानी को दूर करने के लिए जुगाड़ से व्यवस्था भी की है लेकिन लोगों का कहना है कि यह व्यवस्था भोपाल स्तर से ही समाप्त होने चाहिए ताकि जिस परिवार में मौत हुई है उसे शव ले जाने के लिए इंतजार ना करना पड़े।




#### इनका कहना...

योजना में लापरवाही को रोकने के लिए सरकार ने ऑनलाइन आवेदन करने की व्यवस्था की है। जिसमें मृत्यु प्रमाण पत्र भी जरूरी है इसके लिए चिकित्सकों को निर्देशित कर दिया है कि वह पीएम के दौरान ही ऐसा प्रमाण पत्र तैयार करें जो शव वाहन ले जाने के लिए मृत्यु प्रमाण पत्र के रूप में प्रयुक्त हो सके। कभी-कभी गांव में मृत्यु होने के बाद शव लाया जाता है इस कारण ग्राम पंचायत से मृत्यु प्रमाण पत्र की जरूरत होती है तो वहां से भी इसी तरह का फॉर्मेट मंगवा कर वाहन भेज दिया जाता है।

**डॉ डीएस सिकरवार**
**सीएमएचओ श्योपुर**

मैंने तीन लोगों के शवों को फॉर्मेट बनवाकर उनके घर भिजवाया है। यह परेशानी हमेशा रहेगी सरकार मृत्यु प्रमाण पत्र की अनिवार्यता समाप्त करे और ऑनलाइन प्रविष्टि भोपाल के बजाय सीएमएचओ कार्यालय के माध्यम से हो इस संबंध में मुख्यमंत्री से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा जाएगा।

**बिहारी सिंह सोलंकी**
**समाजसेवी श्योपुर**

# बडौदा पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का किया पर्दाफाश, तीन सदस्य दबोचे

### बाइक चोरों से चोरी की तीन बाइकें बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बडौदा थाना पुलिस ने बाइक चोरी की वारदातों के मामले में बड़ी सफलता अर्जित करते हुए एक बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने पांच सदस्यीय बाइक चोर गिरोह के तीन सदस्यों को दबोच लिया है और शेष दो सदस्यों को नामजद करते हुए उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने दबोचे गए तीनों बाइक चोरों से चोरी की तीन बाइकें बरामद की हैं। पुलिस ने फरार दो चोरों के पकडे जाने पर चोरी की बाइके और मिलने की संभावना जताई है।

जिले में बढ़ती बाइक चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने और बाइक चोरो को दबोचने के लिए एसपी वीरेन्द्र जैन ने सभी थाना प्रभारियों को सख्त कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए है। इसी क्रम में बडौदा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए उसके तीन सदस्यों को दबोच लिया है। बडौदा टीआई सत्यम सिंह गुर्जर ने बताया कि पूछताछ के दौरान बाइक चोरों ने अपना नाम सोहिल पुत्र नफीज खां निवासी वार्ड 16 इस्लामपुरा श्योपुर, फैजान उर्फ राजा पुत्र हनीफ खां निवासी वार्ड क्रमांक 12 बडौदा, मुकासिज पुत्र जुम्मा खां निवासी वार्ड क्रमांक 06 बालापुरा श्योपुर बताए है। इनके कब्जे से चोरी की तीन बाइके भी जब्त की गई है। ये बाइक इनके द्वारा श्योपुर और बडौदा क्षेत्र से ही चुराई गई है। पूछताछ के दौरान इनके द्वारा अपने दो सदस्यों के नाम भी उगल दिए है। इन तीनों बाइक चोरो को जेल भेजने के बाद शेष दो सदस्यों को तलाशने की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कार्रवाई में बडौदा टीआई सत्यम सिंह गुर्जर के अलावा एएसआई श्यामवीर सिंह यादव, प्रआ सुनील भार्गव, आरक्षक अजय रावत, दीपेन्द्र रावत, राजकुमार माहौर, मनोज शर्मा, कुलदीप शर्मा, दीपक जाट, राज बल्लभ यादव तथा साइबर सेल टीम का अहम योगदान रहा है।



# नालों पर हो रहा अतिक्रमण बढ़ा रहा परेशानी, प्रशासन हटवाए अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बडौदा कस्बे में बारिश के दौरान निर्मित होने वाली बाढ़ की स्थिति के लिए जहां एक तरफ सड़क निर्माण के दौरान बिना लेवल देखे किए गए जल निकासी के प्रबंध जिम्मेदार है। वहीं दूसरी तरफ नालों पर हो रहा अतिक्रमण भी कारण बन रहा है। इसलिए प्रशासन ने नालों पर हो रहे अतिक्रमण हटाने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई करें। यह मांग नगर परिषद बडौदा के उपाध्यक्ष दारा सिंह बंजारा ने कलेक्टर अर्पित वर्मा को एक आवेदन देते हुए उठाई है। नप उपाध्यक्ष दारा सिंह बंजारा ने बताया कि बडौदा कस्बे सहित क्षेत्र में सडकों के निर्माण के दौरान निर्माण एजेंसियों के द्वारा पानी निकासी के अनुचित प्रबंध किए गए है। वहीं बडौदा के अंदर से जो नाले गुजरे है,उन पर भी अतिक्रमण करते हुए उनको सकरा कर दिया गया है। जिसका खामियाजा बडौदा के लोगो को बारिश के दौरान बाढ के रूप में हर साल भुगतना पडता है। इसलिए सबसे पहले नालों पर हो रहे अतिक्रमण को हटवाए जाने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई की जाए।



#### अस्पताल परिसर में श्रमदान कर हटाई गंदगी




श्योपुर। जिला अस्पताल परिसर में ऑक्सीजन प्लांट के नजदीक हो रही गंदगी और खरपतवार को शनिवार के रोज अस्पताल के स्टाफ ने श्रमदान के जरिए हटाया और ऑक्सीजन प्लांट के आसपास के क्षेत्र को साफ सुथरा किया। शनिवार की सुबह यह श्रमदान सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल के निर्देशन में किया गया। श्रमदान के दौरान डॉ संजय निगौटिया सहायक प्रबंधक एवं ऑक्सीजन टेक्नीशियन और वार्ड बॉय एवं स्टाफ मौजूद था।

# 24 अगस्त को सोंईकलां से जाएगी क्षेत्रपाल बाबा की 10 वीं पैदल यात्रा

### पैदल यात्री झंडा चढ़ाकर बाबा से करेंगे जिले की खुशहाली की कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जन आस्था के केन्द्र ग्राम जैनी स्थित श्री क्षेत्रपाल बाबा के दर्शनों के लिए एक पैदल यात्रा 24 अगस्त रविवार को सोंईकलां से रवाना होगी। गाजेबाजे के साथ जाने वाली इस पैदल यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे, जो पैदल यात्रा करने के बाद बाबा के दरबार में झंडा चढाकर बाबा से जिले की खुशहाली की कामना करेगे। पदयात्रा समिति ने इस पैदल यात्रा की तैयारियां शुरू कर दी है।



श्री क्षेत्रपाल बाबा पैदल यात्रा समिति सोंईकलां के अध्यक्ष छोटूलाल सुमन ने बताया कि इस साल 10 वीं पैदल यात्रा जाएगी, जो 24 अगस्त रविवार को सुबह 8 बजे गांवघेर के हनुमान मंदिर से शुरू होगी, गाजेबाजे के साथ यह पैदल यात्रा गुरूनावदा, कोटरा, शंकरपुर, मेवाडा, बहरावदा, सरोदा और मानपुर होते हुए शाम को जैनी के श्री क्षेत्रपाल बाबा मंदिर पर पहुंचेगी,जहां पैदल यात्री विविधवत पूजा अर्चना के साथ झंडा चढ़ाकर पैदल यात्रा का समापन करेगे और जिले की खुशहाली के लिए बाबा से प्रार्थना करेंगे।

#### पार्वती की बाढ़ में बहकर कोल्हूखेड़ा गांव में पहुंचा मगरमच्छ, मचा हड़कंप

**श्योपुर।** पिछले दिनों पार्वती नदी में आई बाढ़ में बहकर एक मगरमच्छ कोल्हूखेड़ा गांव में पहुंच गया। करीब 10-12 फीट लंबे इस मगरमच्छ को शनिवार की सुबह गांव के लोगों ने देखा तो हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग के अफसरों सहित पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद फोरेस्ट अमला और पुलिस मौके पर पहुंची और करीब दो घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर मगरमच्छ को पकड़कर वापस पार्वती नदी में छोड़ा गया। दरअसल पिछले दिनों पार्वती नदी में इतनी बाढ आई कि आसपास के गांवों में नदी का पानी घुस गया। इसी बाढ में बहते हुए पार्वती नदी में मौजूद एक मगरमच्छ प्रेमसर क्षेत्र के गांव कोल्हूखेडा में पहुंच गया। जब बारिश का दौर थमा और पार्वती नदी का जल स्तर कम हुआ तो यह मगरमच्छ शनिवार को गांव के लोगो को गांव के अंदर प्रवेश करते हुए दिख गया। इस विशालकाय मगरमच्छ को देखकर ग्रामीण डर गए। इस संबंध में रेंज आफिसर श्योपुर राघवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि कोल्हूखेडा गांव में मगरमच्छ के आने की सूचना मिलते ही हमने तत्काल फोरेस्ट टीम को मौके पर भेज दिया और रेस्क्यू कर मगरमच्छ को सुरक्षित पार्वती नदी में छोड़ दिया है।

# बाल कल्याण समिति ने एसपी से मुलाकात कर दी कार्यों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बाल कल्याण समिति ने शनिवार को एसपी वीरेंद्र जैन से मुलाकात कर उन्हें बाल कल्याण समिति द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी प्रदान की और बच्चों के संरक्षण की दिशा में जरूरत पडने पर पुलिस का सहयोग अतिशीघ्र उपलब्ध कराए जाने की आवश्यकता जताई।

बाल कल्याण समिति श्योपुर की अध्यक्ष अर्चना भूषण के नेतृत्व में एसपी से मिलने पहुंचे बाल कल्याण समिति के प्रतिनिधी मंडल में बाल कल्याण समिति सदस्य गौरव आचार्य, प्रोटेक्शन आफिसर महिला एवं बाल विकास विभाग विष्णुकांत शामिल थे। इन्होंने एसपी वीरेन्द्र जैन से मुलाकात करते हुए उन्हें बाल कल्याण समिति के द्वार किए गए कार्यो से अवगत कराया और उनसे सहयोग मांगा कि बच्चों के संरक्षण की दिशा में जरूरत पडने पर पुलिस का सहयोग उन्हें अतिशीघ्र उपलब्ध कराया जाए। इस दौरान एसपी ने बाल कल्याण समिति के प्रतिनिधि मंडल को सहयोग किए जाने का भरोसा दिलाते हुए कहा कि बाल कल्याण समिति के सभी प्रकरणों में सभी थाना प्रभारियों द्वारा भरपूर सहयोग दिया जाएगा।




### अब तक हो गई श्योपुर जिले में 1070 मिलीमीटर औसत बारिश

# जुलाई में औसत से अधिक बारिश, यही रफ्तार रही तो अगस्त में टूट सकता है 2021 का रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

इस वर्ष जुलाई के महीने में श्योपुर जिले में मानसून की मेहरबानी कुछ ज्यादा रही है। जिसके चलते जिले में औसत बारिश का कोटा जुलाई माह बीतने के पहले ही पूरा हो गया है। अब तक जिले में 1070 मिलीमीटर बारिश हो गई है। मौसम विशेषज्ञों की माने तो अगर मानसूनी बारिश का सिलसिला जुलाई की तरह अगस्त माह में भी जारी बना रहा तो वर्ष 2021 का रिकॉर्ड टूट सकता है। क्योंकि वर्ष 2021 के दौरान जितनी बारिश हुई है,उतनी बारिश श्योपुर जिले में पहले कभी नहीं हुई।

दरअसल इस बार मानसून की दस्तक जून माह के दौरान ही श्योपुर जिले में हो गई थी। जिसके चलते जुलाई के शुरुआती दिनों से ही बारिश तेज होने लगी थी, जिसकी वजह से समय पर खेती भी शुरू हो गई। शहरी क्षेत्र और आसपास बारिश इतनी तेज हुई कि आवदा डैम सहित जिले के अन्य सभी बांध और तालाब भर गए। वहीं शहर के कई मोहल्लों में जलभराव हो गया। उधर नदी नालों के उफान पर आने से कई गांवों में बाढ की स्थिति निर्मित हो गई। जबकि बडौदा कस्बा तो इस सीजन चार बार दफा नालों की बाढ में घिर गया। सीप, कदवाल,क्वारी, कूनो, चंबल तथा पार्वती नदी में इतना अधिक उफान आया कि आसपास बसे गांवों के लोग डर गए। इसलिए माना जा रहा है कि अगस्त महीने में भी बारिश की यही रफ्तार रही तो वर्ष 2021 में हुई बारिश का रिकार्ड टूट सकता है।



#### श्योपुर तहसील में हुई सर्वाधिक बारिश

इस सीजन में श्योपुर तहसील क्षेत्र में सबसे अधिक बारिश हुई है। बताया गया है कि 2 अगस्त श्योपुर तहसील में 2 हजार मिलीमीटर औसत बारिश हो गई है, जो कि जिले की चारों तहसीलों में सबसे अधिक है। श्योपुर तहसील के बाद दूसरा नंबर बडौदा तहसील का है। जहां अब तक 1270.4 मिलीमीटर बारिश हो गई है। जबकि कराहल तहसील में 1219.2 मिमी बारिश, वीरपुर तहसील में 907 मिमी तथा विजयपुर तहसील में 855 मिमी बारिश हो गई है। इस तरह जिले की चारों तहसीलों में निर्धारित कोटे 822 मिलीमीटर से अधिक 1070 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है।

#### 2021 में हुई थी 1495 मिमी बारिश, टूटा था बाढ़ का कहर

बताना होगा कि वर्ष 2021 के दौरान श्योपुर जिले में 1495 मिलीमीटर बारिश हुई थी। यह बारिश जिले की रिकॉर्ड बारिश है, क्योंकि इतनी बारिश श्योपुर जिले में अब तक कभी नहीं हुई। वर्ष 2021 के दौरान श्योपुर जिले में बाढ का कहर भी टूटा था,जिसे जिले के लोग अभी तक भूल नहीं पाए है। अधीक्षक भू अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार बीते 24 घंटे के दौरान श्योपुर जिले में 4.40 मिलीमीटर बारिश हुई है। जिसे मिलाकर इस साल 2 अगस्त तक जिले की कुल बारिश 1070.34मिलीमीटर हो गई है, जबकि गत वर्ष 2 अगस्त तक 555 मिलीमीटर औसत बारिश ही हो पाई थी। चूंकि अगस्त का महीना भी बारिश के लिए जाना जाता है और अगस्त माह अभी आरंभ ही हुआ है,इसलिए मौसम के जानकार बता रहे है कि बारिश होने का सिलसिला जुलाई माह की तरह जारी बना रहा तो अगस्त माह में औसत बारिश का आंकडा 1495 मिलीमीटर के रिकॉर्ड को भी तोड़ सकता है।

#### इस साल तहसीलवार हुई बारिश


| तहसील | 24 घंटे में | कुल बारिश | गत वर्ष |
|---|---|---|---|
| श्योपुर | 16.4 | 2000.1 | 1456.50 |
| बडौदा | 6.0 | 1270.4 | 1860.60 |
| कराहल | 0 | 1219.2 | 1287.10 |
| विजयपुर | 0 | 855 | 1243 |
| वीरपुर | 0 | 907 | 939 |
| कुल | 4.40 | 1070.34 | 1357 |

#### पिछले 10 सालों में कुल बारिश

| वर्ष | बारिश (मिमी में) |
|---|---|
| 2015 | 545.5 |
| 2016 | 842.4 |
| 2017 | 393.1 |
| 2018 | 955.7 |
| 2019 | 974.4 |
| 2020 | 576.3 |
| 2021 | 1495.0 |
| 2022 | 1295.0 |
| 2023 | 745.0 |
| 2024 | 1357.0 |
| 2025 | 1070.34 |

### ढोढर थाना क्षेत्र में हुआ हादसा, पुलिस ने एक्सीडेंट का दर्ज किया मामला

# मेटाडोर ने बाइक में मारी टक्कर बाइक सवार की मौके पर ही मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

ढोढर थाना क्षेत्र स्थित चंबल नहर रोड पर बीती शाम को एक मेटाडोर और बाइक की टक्कर हो गई। इस हादसे के दौरान बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मेटाडोर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया और मृतक के शव को पीएम के बाद उसके परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम झरेर निवासी बनासी 22 वर्ष पुत्र अंगद आदिवासी शुक्रवार को जब अपनी बहन के यहां तिल्लीडेरा से अपने गांव झरेर लौट रहा था, तभी दीवानचंद का डेरा की पुलिया के पास उसकी मोटरसाइकिल को सामने से आ रही मेटाडोर ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार बनासी आदिवासी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मेटाडोर चालक मौके से भाग निकला। सूचना के बाद ढोढर थाना पुलिस मृतक के शव को जिला अस्पताल लेकर आई,जहां पीएम के बाद शव को परिजन के सुपुर्द किया और मेटाडोर चालक पर मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

#### खेत पर करंट से झुलसा किसान, कोटा रैफर

**श्योपुर।** श्योपुर विकासखंड क्षेत्र के गांव किलोरच में किसान मोहनलाल मीणा को शनिवार के रोज तब करंट लग गया, जब वह खेत पर काम रहे थे। करंट ट्यूबेल के लिए लगे बिजली के तारों से लगा है। उन्हें गंभीर हालत में इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया,जहां से उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद कोटा के लिए रैफर कर दिया गया है।

# पर्यटन क्विज प्रतियोगिता में सांदीपनी स्कूल विजेता

## दूसरे नंबर पर विजेता रही ईस्टर्न हाइट तो तीसरे नंबर पर रही बाल शिक्षा निकेतन की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

डीएटीसीसी जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद शिवपुरी द्वारा शहर के प्रधानमंत्री एक्सीलेंस पीजी कॉलेज में जिलास्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त पर्यटन क्विज प्रतियोगिता में जिले भर के शासकीय व अशासकीय स्कूलों की टीमों ने हिस्सा लिया। कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी के निर्देशन में नोडल अधिकारी सौरभ गौड व क्विज कोर कमेटी के सदस्य डीईओ विवेक श्रीवास्तव व क्विज मास्टर कीर्ति गुप्ता द्वारा पर्यटन क्विज का आयोजन किया गया। शाम को घोषित किए गए परिणामों में सांदीपनी स्कूल शिवपुरीए ईस्टर्न हाइट स्कूल व बाल शिक्षा निकेतन शिवपुरी की टीम विजेता रही वहीं तीन टीम को उपविजेता का खिताब दिया गया। इस मौके पर पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी विवेक श्रीवास्तवएनोडल अधिकारी सौरभ गौडएडीईओ मनोज निगमएपीजी कॉलेज प्राचार्य पवन श्रीवास्तवएक्रीड़ा अधिकारी चंद्रशेखर बैमटेएएमपी टूरिज्म के नवीन शर्माएयादवेंद्र चौधरीए राघवेंद्र रघुवंशीए लोकेश बोवलए रंजना व्यास व रिजवाना बेगम शाहिद प्रतिभागी व मार्गदर्शन शिक्षक मौजूद थे।



### 2 घंटे की लिखित परीक्षा और 2 घंटे का हुआ मल्टीमीडिया

जिला शिक्षा अधिकारी विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि शहर के प्रधानमंत्री एक्सीलेंस पीजी कॉलेज में शुक्रवार को डीएटीसीसी द्वारा जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता के लिए दोपहर 12 से 2 बजे तक लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी वहीं दोपहर 2रू30 से 4रू30 बजे तक मल्टीमीडिया ऑडियो विजुअल क्विज आयोजित किया गया। उक्त प्रतियोगिता में सांदीपनी स्कूल शिवपुरी की दक्ष पाराशरए योगिता रावत व पीयूष राठौर की टीम प्रथमए ईस्टर्न हाइईट स्कूल के उत्कर्ष त्यागीएप्रांजल सोनी व हिरदेश साईं की टीम द्वितीय तथा बाल शिक्षा निकेतन के यथार्थ अवस्थीएअवधि जैन व महक जैन की टीम तीसरे स्थान पर रहकर विजेता रही।इसके अलावा उपविजेता टीमों में रन्गाढ़ रेनबो स्कूल की महक शर्माएसमर्थ शर्मा व तनिष्का भागगिर की टीम चौथेएसीएम राइज स्कूल खनियाधाना की अतिशय रावत हंसराज अहिरवार व परीदीप वन्गैया की टीम पांचवें स्थान पर तथा कोलारस पब्लिक स्कूल के केतन चतुर्वेदीए ईशान राव व तान्या जैन की टीम छठवें स्थान पर रही। प्रतियोगिता के समापन पर सभी विजेता व उपविजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया।

## आगासौद पुलिस ने गश्त के दौरान आरोपियों को मंडीबामोरा क्षेत्र से पकड़ा

# वेयर हाउसों में चोरी करने वाले 5 आरोपी पकड़ाए, 15 क्विंटल मसूर व बोलेरो जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

थाना आगासौद क्षेत्र के वेयरहाउसों में चोरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 15 क्विंटल मसूर व बोलेरो वाहन बरामद की है। आगासौद थाना प्रभारी निरीक्षक नितिन पाल ने बताया कि 30 जून को फरियादी मनोज श्रीवास्तव द्वारा पुलिस चौकी मंडी बामौरा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि 28-29 जून 25 की दरम्यानी रात को गौहर रोड स्थित गुरुकृपा वेयरहाउस का शटर तोड़कर अज्ञात चोर 21 कट्टी (बोरी) मसूर एवं 2 बोरी गेहूं चोरी कर ले गए। इसी प्रकार 27 जुलाई को फरियादी योगेंद्र रघुवंशी द्वारा चौकी मंडीबामौरा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 26-27 जुलाई की रात को अज्ञात चोरों ने यमुना वेयरहाउस का ताला तोड़कर 32 बोरी (16 क्विंटल) मसूर चोरी कर ली है। दोनों घटनाओं में चोरी के अपराध पंजीबद्ध होने के पश्चात पुलिस अधीक्षक सागर विकाश कुमार शाहवाल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीना संजीव उईके द्वारा माल बरामदगी एवं अज्ञात चोरों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए निर्देशित किया गया। जिसके बाद एसडीओपी नीतेश पटेल एवं थाना प्रभारी आगासौद निरीक्षक नितिन पाल के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए एवं मुखबिरों से सूचना प्राप्त कर लगातार संदेहियों की तलाश की गई। 31 जुलाई को मंडी बामोरा क्षेत्र के मढ-बामोरा रोड पर गश्त के दौरान एक संदिग्ध बोलेरो कैंपर वाहन को रोका गया। उसमें सवार पांच व्यक्तियों से पूछताछ में वह अपनी पहचान छुपाने लगे तथा पूछताछ में संतोष जनक उत्तर नहीं दे पाए। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम व पता शिवा उर्फ भाव सिंह कुर्मी निवासी ग्राम बरोदिया, थाना नरयावली एवं पवन यादव, छोटू यादव, गजेंद्र यादव एवं भूपेंद्र उर्फ ज्वाला यादव सभी निवासी ग्राम आमखेड़ा, थाना भानगढ़ का होना बताया। सभी से सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपियों ने उपरोक्त वेयरहाउसों से अनाज चोरी करना स्वीकार किया। साथ ही क्षेत्र के अन्य वेयरहाउस में भी चोरी की वारदातों में शामिल होना कबूला। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गया माल 15 क्विंटल मसूर एवं एक बोलेरो कैंपर वाहन बरामद किया गया। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

आरोपियों को पकड़ने में उप निरीक्षक प्रदीप कुमार जाटव, प्रधान आरक्षक सुशील सिंह चौहान, प्रधान आरक्षक रमानिवास शुक्ला, आरक्षक नीरज राठौर आदि थे।



### आरोपी अवैध देशी कट्टा लेकर क्षेत्र में फैला रहा था दहशत



**बीना।** अवैध हथियार रख कर दहशत फैलाने वाले के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एसडीओपी बीना के नेतृत्व में थाना बीना पुलिस द्वारा अवैध देशी कट्टा लेकर दहशत फैलाने वाले एक व्यक्ति पर की गई कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश किया गया। जहां से आरोपी को जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप यादव ने बताया कि 31जुलाई को मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कि राय कालोनी तरफ से एक युवक सफेद काले रंग की चौकडी शर्ट पहने है, जो अपने हाथ में देशी कट्टा लेकर लहराते हुए घूम रहा है और लोगों में दहशत फैला रहा है। मुखबिर की सूचना पर बताए गए स्थान पर पुलिस स्टाफ पहुंचा कर देखा कि बताए गए हुलिया जैसा एक युवक हाथ में देशी कट्टा लहराते हुआ दिखा। जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। जिसे हमराह स्टाफ की मदद से घेराबंदी कर पकड़कर उसके हाथ से देशी कट्टा कब्जा में लेकर पुलिस ने पूछताछ की। जिसने पूछताछ में अपना नाम आकाश यादव पिता स्व. हरपाल सिंह यादव उम्र 21 वर्ष निवासी राय कालोनी मंदिर वाली गली के पीछे बीना का होना बताया। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से उक्त देशी कट्टा व जिंदा कारतूस मुताबिक जप्ती पत्र के विधिवत जब्त कर वैधानिक कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। जिसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जिसे न्यायालय के आदेश से उपजेल खुरई दाखिल किया गया। आरोपी को गिरफ्तार करने में निरीक्षक अनूप यादव, उनि.निशांत भगत, प्रधान आरक्षक देवेंद्र सिंह, आरक्षक अजय, आरक्षक बाबूलाल सिंह, आरक्षक संदीप यादव, आरक्षक चालक दीपसिंह, आरक्षक भारत सिंह, आरक्षक राहुल सोलंकी की सराहनीय भूमिका रही।

### भूमि विवाद में गरीब किसान को धमकी और मारपीट, करैरा थाने में शिकायत दर्ज



**करैरा।** करैरा के ग्राम लालपुर निवासी शिकायतकर्ता युवराज सिंह पुत्र गोविंदी कुशवाहा, एक अत्यंत गरीब किसानए ने अपनी पैतृक भूमि को लेकर चल रहे विवाद में मारपीट और जान से मारने की धमकी मिलने की शिकायत करैरा थाने में दर्ज की है। शिकायतकर्ता की पैतृक भूमि सर्वे नंबर 239, 240-1, कुल रकबा 0.50 हेक्टेयर में से 0.10 हेक्टेयर की हिस्सेदारी धन्नो बाई पत्नी अर्जुन के नाम है। धन्नो बाई ने तहसील करैरा से एकपक्षीय बटवारा कराकर उक्त भूमि पर मकान बना लिया। जिसके खिलाफ शिकायतकर्ता ने आपत्ति दर्ज की थी। तहसीलदार ने बटवारे पर स्थगन आदेश जारी किया, और प्रकरण अनुभागीय अधिकारी प्रकरण क्रमांक 001-2024.25 विचाराधीन है। इसके बावजूद धन्नो बाई ने अवैध निर्माण कर लिया। 2 अगस्त को सुबह 11 बजे, ग्राम चौकीदार के बुलावे पर शिकायतकर्ता मौके पर पहुंचा, जहां पटवारी मौजूद था। पटवारी के सवालों का जवाब देने के दौरान जसवंत, प्रताप पुत्र गण अर्जुन, और नीरज पुत्र प्रताप सभी कुशवाह ने शिकायतकर्ता के साथ गाली-गलौज की और लाइसेंसी बंदूक की नोक पर उसे भगा दिया। शिकायतकर्ता ने जान बचाकर भागते समय सुना कि आरोपी उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे थे। आरोपियों में शामिल सचिंद्र पुत्र प्रताप, जो पूर्व में हत्या के मामले में सजा काट चुका है। रात में गांव में छिपकर आता है और शिकायतकर्ता को अकेले में मिलने पर जान से मारने की धमकी देता है। शिकायतकर्ता ने करैरा थाने में आवेदन देकर गुहार लगाई है कि यदि उसे या उसके परिवार को कोई नुकसान होता है, तो इसकी जिम्मेदारी जसवंत, नीरज, प्रताप, और सचिंद्र की होगी। शिकायतकर्ता ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है, ताकि उनकी और उनके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

## राजस्व विभाग की कार्यवाही पर उठे सवाल

# नारही जांच में हुआ सरकारी जमीन पर कब्जे का खुलासा

**करैरा तहसीलदार द्वारा गठित नए जांच दल ने मौका मुआयना में चौंकाने वाला खुलासा किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

करैरा तहसील के अमोला थाना अंतर्गत ग्राम नारही में ब्लात्कार के एक कथित मामले ने नया मोड़ ले लिया है। इस मामले में राकेश पाल पर शिक्षक जीतेंद्र लोधी की पत्नी जमुना लोधी द्वारा दर्ज कराए गए बलात्कार के आरोप के बाद, जमीन विवाद भी सामने आया। लगभग 15 दिन पहले दर्ज ऋकफ में प्रारंभिक जांच में राजस्व विभाग की टीम ने विवादित जमीन को शासकीय बताया था। लेकिन, हाल ही में करैरा तहसीलदार द्वारा गठित नए जांच दल ने मौका मुआयना कर चौंकाने वाला खुलासा किया है। जांच में पता चला कि विवादित 5 बीघा जमीन ग्राम डुमघना के सर्वे नंबर 130/1/1 में राकेश पाल के पिता बाबूलाल पाल और ताऊ देशराज पाल के नाम पट्टे पर दर्ज है। इसके अलावा, शेष 60-65 बीघा चरनोई और रेंज की शासकीय जमीन पर फरियादी पक्ष, जिसमें जीतेंद्र लोधी, उनके साले राजेंद्र, मायाराम, सेवा, पर्वत, रमेश, खैमू, दयाराम, दमरू, पप्पू, कमलेश, अतरसिंह आदि शामिल हैं, ने कब्जा कर रखा है। यह सभी लोधी जाति से हैं।

इस मामले में पाल महासभा के युवा जिला अध्यक्ष एड. महेंद्र सिंह बघेल ने सर्व समाज के साथ मिलकर कलेक्टर और एसपी को ज्ञापन सौंपा था, जिसमें शासकीय जमीन से कब्जा हटाने की मांग की गई थी। प्रारंभिक जांच में जमीन को सरकारी बताया गया था, लेकिन नई जांच ने राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पहले सरकारी बताई गई जमीन का अब कुछ हिस्सा निजी और बाकी पर अवैध कब्जा पाया जाना, विभाग की पारदर्शिता और विश्वसनीयता को कटघरे में लाता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मामला न केवल जमीन विवाद का है, बल्कि कथित बलात्कार के आरोप का इस्तेमाल कर शासकीय जमीन पर कब्जा करने का भी प्रयास दिखता है। अब सभी की निगाहें प्रशासन और राजस्व विभाग पर टिकी हैं कि वे इस अवैध कब्जे के खिलाफ क्या कार्रवाई करते हैं। क्या शासकीय जमीन को मुक्त कराया जाएगा, या मामला दब जाएगा, यह देखना बाकी है।

**इनका कहना है**


हाँ आज जाँच हुई है 5 बीघा जमीन ग्राम डुमघना के सर्वे नंबर 130/1/1 में राकेश पाल के पिता बाबूलाल पाल और ताऊ देशराज पाल के नाम पट्टे पर दर्ज है। शेष जो भी जांच के बाद रिपोर्ट होगी आपको बता देंगे ।

**कल्पना शर्मा** तहसीलदार करैरा

# नरवर में एसडीएमएफ योजना के तहत निर्मित नाला बना मिसाल, भारी बारिश में भी अडिग

## जांच में साबित हुई गुणवत्ता, स्थानीय निवासियों ने जताया नप का आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा



नरवर नगर परिषद ने वर्ष 2024-25 में एसडीएमएफ योजना के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण परियोजना शुरू की, जिसमें लोड़ी माता मंदिर से धुवाई दरवाजे होते हुए तालाब तक नाले का निर्माण किया गया। इस परियोजना के लिए 2.14 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए और कार्य की जिम्मेदारी मेसर्स फिरोज खान, नरवर को सौंपी गई। निर्माण शुरू होने के बाद स्थानीय विधायक रमेश खटीक ने कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाए और इस मुद्दे को विधानसभा में ले गए।

उन्होंने 25 मार्च 2025 को पत्र क्रमांक 639 के माध्यम से माननीय मंत्री से जांच की मांग की। इसके जवाब में संभागीय अधीक्षण यंत्री, नगरीय प्रशासन एवं विकास, ग्वालियर चंबल संभाग ने जांच की और 26 जून 2025 को पत्र क्रमांक 998 के साथ अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस जांच में गुणवत्ताहीन कार्य का कोई उल्लेख नहीं मिला और संचालनालय ने 2 जुलाई 2025 को पत्र क्रमांक 7268 के जरिए विधायक को सूचित किया कि निर्माण कार्य पूरी तरह सही है। इस वर्ष शिवपुरी जिले, जिसमें करैरा विधानसभा क्षेत्र और नरवर नगर पंचायत शामिल हैं, में 100 साल का बारिश का रिकॉर्ड टूटा। भारी वर्षा ने पूरे क्षेत्र में तबाही मचाई, लेकिन नरवर का यह नवनिर्मित नाला इस कठिन परीक्षा में खरा उतरा। भारी बारिश के बावजूद नाले ने बिना किसी समस्या के शानदार प्रदर्शन किया और इसकी मजबूती व गुणवत्ता साबित हुई। जांच में गुणवत्ताहीन कार्य का उल्लेख न होना और बारिश में नाले की सफलता ने यह साबित किया कि मेसर्स फिरोज खान ने कार्य को बेहतरीन तरीके से अंजाम दिया।

यह परियोजना न केवल स्थानीय निवासियों के लिए राहत लेकर आई, बल्कि नरवर नगर परिषद की योजना और कार्यान्वयन की क्षमता को भी उजागर करती है। स्थानीय निवासियों ने नगर परिषद के अध्यक्ष, सीएमओ, इंजीनियर और सभी जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। नाले की गुणवत्ता इतनी बेहतरीन थी कि अभूतपूर्व बारिश में भी यह ओवरफ्लो होकर बिना किसी नुकसान के काम करता रहा, जबकि इस बारिश में बड़े-बड़े पुल और सड़कें तबाह हो गईं। कुछ जनप्रतिनिधियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि नाले की शिकायतें केवल द्वेषवश की गईं।

## अजा और जजा के लिए विधायक ने मुख्यमंत्री से रखी मांग

# जिले के 7 ब्लॉकों में कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास, नरवर में नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

जिले के आठ विकासखंडों में से 7 विकासखंडों में राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के तहत कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास संचालित है लेकिन सिर्फ करैरा विधानसभा के नरवर विकासखंड में कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास अभी तक नहीं खुला है। इस वजह से नरवर क्षेत्र के अनुसूचित जाति व जनजाति के बालक बालिकाओं को व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। इसलिए नरवर में कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास स्वीकृत किया जाए जिससे कि छात्र.छात्राओं को पढ़ाई के साथ आवासीय सुविधा भी मुहैया हो सके। यह मांग पत्र करैरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक रमेश खटीक ने मुख्यमंत्री को भेज कर नरवर में अविलंब बालिका छात्रावास स्वीकृत किए जाने की मांग की है।

### आवासीय सुविधा न होने से पढ़ाई छोड़ कर जा रही छात्राएं

प्रदेश के मुख्यमंत्री को लिखित पत्र सौंप कर करैरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक रमेश खटीक ने मांग रखी है कि राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के तहत जिले के आँठो ब्लॉक में से सिर्फ नरवर ब्लॉक में कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास संचालित नहीं है। इस वजह से नरवर क्षेत्र में खासकर बालिकाओं की शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है। शासन की तरफ से रमसा के छात्रावासों में मिलने वाली आवासीय सुविधा का लाभ नरवर क्षेत्र की बालिकाओं को नहीं मिल पा रहा है जिस वजह से छात्राएं स्कूल छोड़कर जा रही हैं और बड़ी संख्या में छात्राओं का ड्रॉप आउट हो रहा है। विधायक ने विधानसभा क्षेत्र करैरा के नरवर ब्लॉक में कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास खोले जाने की मांग प्रदेश के मुखिया से की है जिससे अनुसूचित जाति व जनजाति की छात्राएं अपनी पढ़ाई आगे जारी रख सकें।

## नव निर्वाचित प्रतिनिधियों का ग्वाल समाज सकल शिवपुरी ने किया स्वागत

# ग्वाल समाज की दो विचारधारा बर्दाश्त नहीं सामंजस्य समन्वय बनाने का रहेगा प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी



देखने में आ रहा है कि बीते लंबे समय से शिवपुरीए झांसी और सागर सहित ग्वाल समाज की अधिकांश छावनियों में दो.दो विचारधाराऐं चल रही है। यह बर्दाश्त योग्य नहीं हैए सकल ग्वाल समाज सागर के द्वारा समाज के मुखिया महाते, दीवान और चौधरी के साथ हमें बनाए गए सहयोगी उप प्रतिनिधियों महाते, दीवान, चौधरी के साथ मिलकर हम प्रयास करेंगें कि आदि.अनादिकाल से ग्वाल समाज अपनी पुरातन परंपरा के रूप में पंचायती व्यवस्था को समस्त छावनियों में सुचारू रूप से चलायन मान करें और वर्तमान के युग को देखते हुए समाज के इन दायित्वों में भी समय के अनुरूप परिवर्तन किया जाए ताकि समाज का हरेक व्यक्ति समाज सेवा के रूप में आगे आकर समाजहित में अपना योगदान दे सके। ग्वाल समाज को एकजुट होने का यह संदेश दिया सागर सकल ग्वाल समाज द्वारा गत दिवस निर्वाचित सकल के महाते जगदीश वानिए ने जो स्थानीय गणेश एंजोरासिटी मैरिज हॉल में ग्वाल समाज सकल ;पंच शिवपुरी द्वारा आयोजित स्वागत समारोह से समाज को एकजुट करने का आह्वान कर रहे थे। इसमें सकल ग्वाल समाज सागर के चौधरी कमल रियार, दीवान पन्ना कछवा, सहित उप महाते हीरा पडऱया, चौधरी दीना लंबरदार, उप दीवान मुन्ना कछवा, का सकल ग्वाल ;पंच शिवपुरी अध्यक्ष राजू ग्वाल सहित ठकुरपुरा से दीवान धनीराम कछवा, गोपाल वानिए, लुधावली से खुमान चंदेल, फूलचंद थम्मार, ठकुरपुरा से विष्णु दीवान, गिरधर दीवान शामिल हुए जिन्होंने ग्वाल समाज सकल पंच शिवपुरी की ओर से सागर छावनी के नव निर्वाचित समाजजनों का रॉली-चंदन से तिलक कर शॉल-श्रील, राधाकृष्ण पट्टिका ओढ़ाकर सम्मान किया।

## ग्रामीणों को समय सीमा में आवास कार्य पूर्ण करने की दी समझाइश

# एडिशनल सीईओ नरवरिया ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी



हमारे सभी किसान भाई और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग 15 सितंबर तक अपने अपने जनमन आवास योजना के मकान का कार्य पूरा कर लें इसके बाद योजना बायडम हो जाएगी। ये कहना है शिवपुरी जिला पंचायत के एडिशनल सीईओ एनएस नरवरिया का। विगत दिवस जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी एनएस नरवरिया ने जनपद की तीन ग्राम पंचायतों का दौरा किया और निरीक्षण उपरांत ग्राम पंचायत सुहारा में आयोजित चौपाल में उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि जितने भी आवास हितग्राही इन क्षेत्रों में हैं वे समय सीमा में अपने सभी कार्य पूर्ण कर लें जिससे बारिश से कार्य में बाधा ना आए और उन्हें अगली किस्त भी जारी की जा सके। गौरतलब है कि जनमन आवास योजना का कार्य शिवपुरी जिले में प्रशासनिक अधिकारियों की मुस्टैडी के चलते हर बार समय सीमा में हुआ जिसके चलते राष्ट्रीय पटल पर भी शिवपुरी जिले के जनमन आवासों की चर्चा छाई रही।

### किस्तों में मिलेगा पैसा

इस योजना में चार किस्तों में पैसा दिया जाता है जिसमें मकान बनाकर तैयार करना होता है। विगत दिवस जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी व शिवपुरी जनपद के सीईओ एनएस नरवरिया ने ग्राम पंचायत सुहारा टोंगरा तथा बिलो कला का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से मिलकर उन्हें आवास संबंधी जानकारी व समझाइश देकर समय सीमा में कार्य पूर्ण करने हेतु प्रोत्साहित किया। उनके साथ दौरे में जिला पंचायत के एपीओ यतेंद्र चौकसे एपीसीओ मुकेश और जनपद शिवपुरी एपीओ अमित श्रीवास्तव भी शामिल रहे।